दिनांक 12.06.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर निगम भिलाई के सभी कार्यालयो में मनाया गया ड्राई डे

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालय में निर्धारित समय अनुसार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच में फाईट द बाईट मच्छर उन्मूलन के तहत जन जागरूकता अभियान अंतर्गत ड्राई डे मनाया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देश दिये थे कि प्रत्येक बुधवार को निगम के सभी कार्यालय में ड्राई डे मनाया जायेगा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी स्वयं सभी विभाग में जाकर कर्मचारियो को प्रेरित कर रहे थे सभी को प्रत्येक बुधवार को ड्राई डे मनाने के लिए कहा साथ ही उन्होने हिदायत दी की मैं आकस्मिक रूप से आकर कार्यालयीन अवधि में चेक करूगां। कहीं भी कुलर में मच्छर, लार्वा पाये जाने पर तथा चारो तरफ साफ-सफाई नहीं मिलेगी तो संबंधित के उपर कार्यवाही की जावेगी। सब को सर्तक रहना है अपने आफिस एवं घर को जलजनित एवं मच्छर जनित बिमारी से बचना है। फाईट द बाईट योजना की शत् प्रतिशत सफलता तभी मिलेगी जब सभी लोग जागरूक होगे। जल के माध्यम से उत्पन्न होने वाले जीवानु एवं किटानुओ को मारना। जिससे डेंगू, मेलेरिया, डायरिया, पीलिया इत्यादि बीमारी न हो।